**Std.1**

## English

Date:

**Day 180**

**Teacher's Note:**
Rhyme: ABC green green tree....
Subject Teaching: revision of all alphabets.
Conversation: what is your favourite color/fruit? my favourite color/fruit is...

Q.1 दिए गए आकृतियों में रंग भरें।



## Appendix-1
## English Activities

**Activity:** "Sonu says" game:

इस game में " Sonu says " कहकर बच्चों को कुछ करने का निर्देश दें। किंतु जब बिना " Sonu says " कहे कोई भी निर्देश दें तब बच्चों को वह कार्य नहीं करना है। उदाहरण के लिए:-
यदि शिक्षक/शिक्षिका " Sonu says- Touch your head " कहें तो हीं बच्चों को अपना head छूना है, अन्यथा नहीं। यदि बच्चे ऐसा करें तो वे game से बाहर हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त यदि बच्चे head के स्थान पर कोई अन्य अंग को छूते हैं, तब भी वे game से बाहर हो जाएंगे। इसी प्रकार अन्य निर्देशों के साथ इस game को खेल सकते हैं। जैसे- Sonu says- Turn left, Sonu says- Jump etc.

**Activity:** Rapid commands

शिक्षक/शिक्षिका पहले सिखाए हुए commands को तेजी से बोलकर बच्चों से करवाएँ। अथवा बच्चों को समूह में बाँट दें और फिर एक समूह के बच्चे दूसरे समूह के बच्चों को command करने को कहेंगे। command को गलत तरीके से follow करनेवाला समूह हार जाएगा। ध्यान रहे कि जो command जल्दी-जल्दी हो सके उन्हीं commands को करवाएँ।

**Activity:** Memory game

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को विभिन्न utensils के नाम बताएँ और उनसे उनके उपयोग पूछें। अथवा बच्चों को समूह में बाँट दें और फिर एक समूह के बच्चे दूसरे समूह के बच्चों को utensil के नाम कहेंगे और दूसरे समूह के बच्चे उसके चित्र को दिखाएँगे। गलत चित्र दिखनेवाला या गलत utensil का नाम लेनेवाला समूह हार जाएगा। इसी प्रकार अन्य topics में भी इस खेल का उपयोग करें।

**Activity:** Let's sing

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को उनके favourite rhyme को गाकर सुनाने को कहें। अथवा बच्चों को समूह में बाँट दें और फिर एक समूह के बच्चे दूसरे समूह के बच्चों को पाठ्यपुस्तक की कोई एक rhyme सुनाने को कहेंगे और दूसरे संमूह के बच्चे उस rhyme को गाएँगे। गलत rhyme गानेवाला या गलत rhyme का नाम लेनेवाला समूह हार जाएगा।

**Activity:** "Sounds of Animals"

शिक्षक/शिक्षिका किसी भी animal की आवाज़ निकालकर बच्चों से उसे पहचानकर उस animal का नाम बताने को कहें। अथवा बच्चों को समूह में बाँट दें और फिर एक समूह के बच्चे दूसरे समूह के बच्चों को किसी animal के नाम कहेंगे और दूसरे समूह के बच्चे उसकी आवाज़ को बताएँगे। गलत आवाज़ बतानेवाला या गलत animal का नाम लेनेवाला समूह हार जाएगा।

### Activity: Colour, Colour which colour?

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को colour के नाम बताएँ जिनसे संबंधित वस्तुएँ उनके आसपास मौजूद हो। और फिर बच्चे उन वस्तुओं को छूने को कहें। अथवा बच्चों को समूह में बाँट दें और फिर एक समूह के बच्चे दूसरे समूह के बच्चों को आसपास मौजूद रंगों को पहचानकर उसका नाम बताने को कहेंगे या रंगों के आधार पर वस्तुओं को बाँटने को कहें।

### Activity: Who am I?

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को कुछ समूहों में बाँट दें और फिर किसी भी पशु या पक्षी की आवाज निकालें अथवा उनकी कोई विशेषता/उपयोग बताएँ। जो समूह अधिक सही उत्तर दे वह जीतेगा। इसी प्रकार अन्य topics में भी इस खेल का उपयोग करें। शिक्षक/शिक्षिका इसमें सभी बच्चे की सहभागिता सुनिश्चित करें।

### Activity: Clap and snap game

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को समझाएँ कि जब वे utensils के नाम बोलें तब उन्हें clap करना है पर जब वे किसी flower का नाम लें तो उन्हें snap करना है। इसी प्रकार अन्य topics में भी इस खेल का उपयोग करें। शिक्षक/शिक्षिका इसमें सभी बच्चे की सहभागिता सुनिश्चित करें।

### Activity: Say Please/ Thank you game.

शिक्षक/शिक्षिका सभी बच्चों को एक गोल घेरे में बैठाएँ। फिर उन्हें समझाएँ कि कोई एक बच्चा अपने आसपास के दोनों ओर के बच्चों को **start please** कहकर छूएगा और फिर वे बच्चे अपने बगलवाले बच्चे को **please** कहकर छूते जाएँगे। गोल घेरे का चक्कर लगाते हुए जिन दो बच्चों पर **meeting point** बनेगा वहाँ के दोनों के बच्चे एक-दूसरे को **"Good morning-thank you"** कहकर अपना स्थान छोड़ देंगे। और पुनः दूसरे बच्चे से **game** को प्रारंभ करना है। शिक्षक/शिक्षिका इसमें सभी बच्चे की सहभागिता सुनिश्चित करें।

### Activity: Train Ride game

बच्चों की एक train बनाएँ और उन्हें कक्षा में घुमने को कहें। बच्चों को समझाएँ की जब train चलती है तब " छुक छुक छुक... " की ध्वनि आती है, इसलिए वे भी ऐसी ध्वनि निकालें। और साथ-साथ शिक्षक/शिक्षिका के कहे गए निर्देशों का भी पालन करें। जैसे- यदि शिक्षक/शिक्षिका कहें कि " Go fast " तो बच्चे तेज चक्कर लगाएँ।

### Activity: Answer the question

Ask the questions like- Name the vehicle with three wheels ,two wheels and four wheels; which vehicles do not need petrol or diesel?





देख कर पार करें






# वन्दे मातरम्

सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्
शस्य-श्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्र-ज्योत्स्ना-पुलकित-यामिनीम्
फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्
सुहासिनीं, सुमधुरभाषिणीम्
सुखदां, वरदां, मातरम्।
वन्दे मातरम्॥



# राष्ट्र-गान



जन-गण-मन-अधिनायक जय हे,
भारत - भाग्य - विधाता।
पंजाब सिंध गुजरात मराठा,
द्राविड़ - उत्कल - बंग।
विंध्य - हिमाचल - यमुना-गंगा,
उच्छल - जलधि - तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मागे
गाहे तव जय गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे,
भारत - भाग्य - विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।



बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना